# इंदौर-दाहोद रेल परियोजना : टीही-धार खंड पर काम तेज, ट्रैक परीक्षण शुरू

▶ परियोजना तेजी से साकार होने की ओर अग्रसर

नवभारत न्यूज

**इंदौर. पश्चिम रेलवे, रतलाम मंडल की महत्वाकांक्षी इंदौर-दाहोद नई रेल लाइन परियोजना अब तेजी से अपने अंतिम चरणों की ओर बढ़ रही है. इस परियोजना के तहत इंदौर से टीही तक का कार्य पहले ही पूरा किया जा चुका है, जबकि टीही से धार के बीच निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर जारी है.**

पश्चिम रेलवे के अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार, परियोजना की प्राथमिकता को देखते हुए टीही-धार खंड को विभिन्न भागों में बांटकर योजनाबद्ध तरीके से काम किया जा रहा है. टीही-पीथमपुर खंड में टनल निर्माण अभी शेष है, इसलिए वैकल्पिक व्यवस्था अपनाई गई है.

**ट्रैक मशीन से मरम्मत कार्य पूर्ण**-निर्माण विभाग ने ट्रैक मशीन टीटीएम को सड़क मार्ग से रेलवे ट्रैक पर उतारकर पीथमपुर से धार तक ट्रैक की पैकिंग और आवश्यक मरम्मत कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया है.





## टॉवर वेगन से शुरू हुआ ट्रैक परीक्षण

ट्रैक की गुणवत्ता और सुरक्षा की जांच के लिए टॉवर वेगन को भी सड़क मार्ग से लाकर पीथमपुर के पास ट्रैक पर उतारा गया. 23 से 26 मार्च 2026 के बीच परीक्षण किया जा रहा है. निर्धारित गति सीमा तक वेगन चलाकर ट्रैक की स्थिरता और फिटनेस की जांच की जा रही है. रेलवे ने पहले ही आम नागरिकों को ट्रैक के आसपास न जाने की सलाह जारी की थी, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना न हो.

**वरिष्ठ अधिकारियों की देखरेख में निरीक्षण**-मुख्य इंजीनियर निर्माण धीरज कुमार, मुंबई स्वयं इस महत्वपूर्ण कार्य की निरीक्षण के लिए इंदौर पहुंचे. 23 मार्च 2026 को उन्होंने पीथमपुर से धार तक टॉवर वेगन के जरिए ट्रैक का विस्तृत निरीक्षण किया और उसकी वर्तमान स्थिति का आकलन किया.

**टनल निर्माण भी जारी**-पीथमपुर-धार रेल खंड के पूर्ण होने तक समानांतर रूप से टनल निर्माण कार्य भी तेज गति से जारी रहेगा. रेलवे प्रशासन धार तक रेल सेवा जल्द शुरू करने के लिए पूरी तैयारी कर रहा है. इस परियोजना के पूर्ण होने से इंदौर और धार के बीच यात्रा आसान, सुरक्षित और तेज होगी क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी

## एक नजर में

### आईएचसीएल ने भारत एकसाथ वॉकथॉन का आयोजन किया

इंदौर. इंडियन होटल्स कंपनी (आईएचसीएल) अपने ईएसजी प्लस फ्रेमवर्क पथ्य के अंतर्गत अपनी सस्टेनेबिलिटी और सामाजिक प्रभाव को आगे बढ़ा रही है. पथ्य के चार वर्ष पूरे होने के अवसर पर आईएचसीएल ने भारत एकसाथ वॉकथॉन के साथ सस्टेनेबल वृद्धि के लिए अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया. यह एक 3 किलोमीटर की वॉक है जिसमें 14 देशों की 200 से ज्यादा जगहों पर ऐसोसिएट्स, उनके परिवार, स्थानीय साझेदार, विक्रेता और समुदाय एकजुट होते हैं. आईएचसीएल के मानव संसाधन के कार्यकारी उपाध्यक्ष गौरव पोखरियाल ने कहा पथ्य हमारे इस विश्वास को दिखाता है कि जब संगठन की रणनीति और परिचालन में सस्टेनेबिलिटी गहराई से शामिल होती है, तो साझे मूल्यों का सृजन होता है. हमने अपने 2030 के लक्ष्यों की ओर सार्थक रूप से आगे बढ़ते हुए बड़े कदम उठाए हैं; होटलों में 84 से ज्यादा बॉटलिंग प्लांट, 53 प्रतिशत पानी रीसायकल किया जाता है, 41 प्रतिशत ऊर्जा नवीकरणीय साधनों से प्राप्त की जाती है और साझेदारियां 83 कौशल केन्द्रों को सक्षम बनाती हैं, जहां 42,000 से ज्यादा वंचित वर्ग के युवाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है.

### सैमसंग गैलेक्सी एम17ई 5जी की भारत में बिक्री शुरू

इंदौर. सैमसंग ने आज गैलेक्सी एम17ई 5जी की बिक्री की घोषणा की, जो प्रमुख स्मार्टफोन फीचर्स के साथ विश्वसनीय प्रदर्शन और रोजमर्रा की उपयोगिता प्रदान करता है. गैलेक्सी एम17ई 5जी एक स्मूथ डिस्प्ले, लंबे समय तक चलने वाली बैटरी, कुशल प्रदर्शन, सक्षम कैमरा और इंटेलिजेंट सॉफ्टवेयर के साथ आता है और युवा भारतीय उपभोक्ताओं की गतिशील जरूरतों को पूरा करता है. गैलेक्सी एम17ई सेमसंग.कॉम, अमेज़न और चुनिंदा रिटेल आउटलेट्स पर 13999 रुपये की शुरुआती कीमत पर बिक्री के लिए उपलब्ध होगा. गैलेक्सी एम17ई 5जी में 120 हर्ट्ज की रिफ्रेश रेट के साथ 6.7-इंच की स्क्रीन दी गईहै, जो यह सुनिश्चित करती है कि हर स्क्रॉल, स्वाइप और टैप सहज महसूस हो. आपकी लाइफस्टाइल के साथ तालमेल बिठाने के लिए 6000एमएएच की दमदार बैटरी दी गईहै. लंबे गेमिंग सत्रों से लेकर बिंज-वॉचिंग मैराथन और लंबी वीडियो कॉल तक, यह बिना किसी रुकावट के उत्पादकता और मनोरंजन के लिए पूरे दिन साथ देता है. वन यूआई 8 द्वारा अनुकूलित, गैलेक्सी एम17ई 5जी बड़ी ही समझदारी से बिजली की खपत को मैनेज करता है. मीडिया टेक डाइमेंसिटी 6300 5जी प्रोसेसर की बदौलत सहज मल्टीटास्किंग और स्थिर प्रदर्शन के लिए बनाया गया है.

### अल्ट्राटेक ने मप्र में जल उपलब्धता को किया बेहतर

इंदौर. मध्य प्रदेश में स्थित अल्ट्राटेक की इंटीग्रेटेड मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट्स, विक्रम सीमेंट वर्क्स और धार सीमेंट वर्क्स ने विश्व जल दिवस के अवसर पर जिम्मेदार जल प्रबंधन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः दोहराया है. ये यूनिट्स प्रभावी जल प्रबंधन प्रक्रियाओं और मजबूत प्रशासनिक प्रणालियों के माध्यम से जल संरक्षण के लिए निरंतर प्रयासरत हैं. नीमच जिले में विक्रम सीमेंट वर्क्स द्वारा लागू किए गए कम्युनिटी वाटरशेड प्रोजेक्ट के तहत, परियोजना की शुरुआत से अब तक यूनिट के संचालन क्षेत्रों में 69 चेक डैम और तालाबों का निर्माण किया गया है। इससे हर वर्ष 15 लाख घन मीटर से अधिक जल का रिचार्ज संभव हुआ है, जिससे वर्ष 2025 में 750 से अधिक किसानों को लाभ मिला है. धार जिले में स्थित धार सीमेंट वर्क्स ने भी इंटीग्रेटेड वाटरशेड मैनेजमेंट गतिविधियों को अपनाया है, जिसके परिणामस्वरूप परियोजना की शुरुआत से 31 मार्च 2025 तक कुल 4.8 लाख घन मीटर से अधिक जल की हार्वेस्टिंग और रिचार्जिंग की गई है। वर्ष 2025 में यूनिट ने 1.58 लाख घन मीटर जल की हार्वेस्टिंग और रिचार्जिंग की, जिससे वित्त वर्ष 2025 तक 2100 से अधिक लाभार्थियों को सहयोग मिला है.

### सात दिवसीय भागवत कथा का शुभारम्भ आज



इंदौर. माहेश्वरी संस्कृति द्वारा सात दिवसीय विशाल भागवत कथा का शुभारंभ 24 मार्च को प्रातः 8.30 बजे निकलने वाली शोभायात्रा से होगा. स्वामीजी डॉ माधवप्रपन्नाचार्य व्यास पीठ पर विराजित होकर कथा कहेंगे. कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से सायं 6 बजे तक दस्तूर गार्डन पर संपन्न होगी. संस्था के मुनीश मालानी, रमेश चितलांग्या, ओमप्रकाश माहेश्वरी ने बताया कि यह आयोजन संस्था की धार्मिक गतिविधि का एक अंग होगा. 24 मार्च को प्रातः 8.30 बजे भव्य शोभायात्रा शिव मंदिर गुमाश्ता नगर से प्रारंभ होगी। इसमें कई भजन मंडलियां भी शामिल रहेंगी. महिलाएं केसरिया वस्त्र एवं पुरुष धवल वस्त्र में उपस्थित होंगे. स्वामीजी एक विशेष सुसज्जित बग्गी में विराजित होंगे. यात्रा गुमाश्ता नगर भ्रमण कर दस्तूर गार्डन पहुंचेंगी. आयोजन समिति के श्याम माहेश्वरी व गिरीश जाखेटिया ने बताया कि दस्तूर गार्डन में अपरान्ह 3 बजे से कथा प्रारंभ होगी.

### यामाहा म्यूजिक ने एआर रहमान को ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया

इंदौर. ऑस्कर विजेता संगीतकार और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित संगीत आइकन ए.आर. रहमान ने भारतीय संगीत को वैश्विक मंच तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. उनकी यह प्रेरक यात्रा भारतीय प्रतिभा की वैश्विक क्षमता को दर्शाती है, जो यामाहा म्यूज़िक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की भारत में संगीत संस्कृति को प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता से मेल खाती है. यामामोटो ताकेतोशी मैनेजिंग डायरेक्टर ने कहा संगीत यामाहा म्यूज़िक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की सोच के केंद्र में है. भारत की समृद्ध संगीत विरासत को वैश्विक पहचान मिलनी चाहिए. हमारी 'मेड इन इंडिया' पहल और ए.आर. रहमान के साथ सहयोग के माध्यम से हम नई पीढ़ी के संगीतकारों को प्रेरित करना और देशभर में संरचित संगीत शिक्षा का विस्तार करना चाहते हैं. रयोजी मारुयामा, सेल्स यूनिट हेड ने कहा हमारा उद्देश्य केवल वाद्ययंत्र उपलब्ध कराना नहीं है। हम कार्यशालाओं, स्कूलों के साथ सहयोग और ग्रामीण पहुंच कार्यक्रमों के माध्यम से संगीत समुदायों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं. यह साझेदारी हर उभरते कलाकार तक संगीत पहुंचाने की हमारी सोच को और मजबूत करती है.

### निवा बूपा ने इंडस्ट्री की पहली कॉफी टेबल बुक की लॉन्च

इंदौर. भारतीय हेल्थ इंश्योरेंस सेक्टर में अपनी तरह की पहली पहल करते हुए, निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस ने अपने एडवाइजर्स की प्रेरणादायक यात्राओं को समर्पित एक कॉफी टेबल बुक लॉन्च की है- ये वे अनसुने नायक हैं जो परिवारों के स्वास्थ्य और वित्तीय सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. यह पुस्तक 40 एडवाइजर्स की सशक्त और भावनात्मक कहानियों को सामने लाती है, जिनमें ऐसे कई क्षण शामिल हैं जब उन्होंने केवल पॉलिसी बेचने से आगे बढ़कर मेडिकल इमरजेंसी में परिवारों का साथ दिया, जटिल डॉक्यूमेंटेशन में मदद की और जीवन के सबसे कठिन समय में क्लेम प्रोसेस को सहज बनाया. इस पहल पर अपनी बात रखते हुए, निमिष अग्रवाल, डायरेक्टर डिजिटल बिजनेस एवं सीएमओ निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस ने कहा एडवाइजर्स इंश्योरर्स और कस्टमर्स के बीच एक मजबूत कड़ी के रूप में काम करते हैं. वे भरोसा बनाते हैं, पर्सनलाइज्ड सलाह देते हैं और जटिल प्रोडक्ट्स को सरल बनाते हैं. एक ऐसे देश में जहां बड़ी आबादी अब भी अंडरइंश्योर्ड है, उनकी भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है. एडवाइजर बेस का विस्तार केवल ग्रोथ की आवश्यकता नहीं, बल्कि वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और देश के हर कोने तक सुरक्षा पहुंचाने के लिए एक राष्ट्रीय आवश्यकता है.

# निगम परिसर में नि:शुल्क नेत्र शिविर आयोजित



नव भारत न्यूज

**इंदौर.** नगर निगम ने म.प्र. वॉलंटरी हैल्थ एसोसिएशन के सहयोग से निगम कार्यालय परिसर में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया. शिविर में निगम कर्मचारियों और अधिकारियों के आखों की जांच की गई. इस मौके पर महापौर ने निगम के सभी झोन पर भी जांच शिविर आयोजित करने की बात कही.

म.प्र. वॉलंटरी हैल्थ एसोसिएशन के सहयोग से निगम के कर्मचारियों के लिए नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया. महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने शिविर का अवलोकन करते हुए कहा कि निगम कर्मचारी कार्य के दौरान लंबे समय तक विभिन्न समस्याओं को सहन करते रहते हैं. इस वजह से समय पर उपचार नहीं करा पाते है, उक्त स्थिति को ध्यान में रखते हुए इस प्रकार के शिविर अत्यंत आवश्यक हैं. उन्होंने बताया कि आज निगम मुख्यालय में आयोजित इस शिविर के साथ-साथ आगामी दिनों में झोन वार भी निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक कर्मचारियों को इसका लाभ मिल सके. साथ ही शिविर में नि:शुल्क चश्मों का वितरण किया जाएगा. केटरेक (मोतियाबिंद) जैसी समस्याओं का नि:शुल्क उपचार एवं ऑपरेशन भी कराया जाएगा. इस दौरान स्वास्थ्य प्रभारी अश्विनी शुक्ल, जलकार्य प्रभारी अभिषेक शर्मा, सहायक यंत्री उज्मा खान, उपयंत्री, रोहित बोयत सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे.

# शहीदों की स्मृति में निकली मशाल यात्रा, गूंजे देशभक्ति के नारे

▶ पश्चिम क्षेत्र देशभक्ति से सराबोर
▶ 100 से ज्यादा मंचों से शहीदों को दी श्रद्धांजलि



नव भारत न्यूज

**इंदौर. आज शहीद दिवस पर पश्चिम क्षेत्र देशभक्ति से सराबोर हो गया. शाम को निकली मशाल यात्रा में सौ से ज्यादा मंचों से क्रांतिकारी भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव शहीदी को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई. यात्रा में शामिल झाकियों और जनमानस का 50 से ज्यादा सामाजिक संस्थाओं ने स्वागत कर देशभक्ति के नारे लगाए.**

आज शाम फूटी कोठी (संत सेवालाल ब्रिज) से महाराणा प्रताप चौक तक शहीद दिवस पर मशाल यात्रा निकाली गई. यात्रा संस्था संघमित्र और जागृत युवा संगठन द्वारा संचालित के गई थी, जिसका नेतृत्व महापौर पुष्यमित्र भार्गव कर रहे थे. साथ ही अन्य जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए थे. उक्त यात्रा पिछले कई सालों से निकली जा रही है. यात्रा में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और युवा हाथों में जलती मशालें, भगवा ध्वज और 'भारत माता की जय' के नारे लगाते हुए चल रहे थे. यात्रा में विधायक गोलू शुक्ला, महेंद्र हार्डिया, पूर्व नगर अध्यक्ष कैलाश शर्मा, जीतू जिराती, गोपाल गोयल, एमआईसी सदस्य राजेश उदावत, मनीष शर्मा, अभिषेक शर्मा और नंदकिशोर पहाड़िया, पार्षद कंचन गिदवानी, शानू शर्मा, प्रियंका चौहान, योगेश गेंदर सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे. यात्रा में किन्नर समाज की भी विशेष मौजूदगी रही. एनसीसी कैडेट्स हाथों में तिरंगा लेकर यात्रा का नेतृत्व कर रहे थे, घोड़े पर सवार रानी लक्ष्मी बाई स्वरूप धारण किए हुए बालिकाएं भी यात्रा का विशेष आकर्षण थी. महाराणा प्रताप चौक पर भारत माता की आरती के साथ यात्रा का समापन हुआ.

## नई पीढ़ी को जोड़ने का माध्यम : महापौर

इस मौके पर महापौर भार्गव ने कहा कि यह आयोजन केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को शहीदों के त्याग और बलिदान से जोड़ने का सशक्त माध्यम है. इंदौर ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि शहीदों की कुर्बानी केवल इतिहास नहीं, बल्कि हमारी पहचान और प्रेरणा है. यात्रा का संचालन संस्था संघमित्र और जागृत युवा संगठन के प्रबल भार्गव मुकेश शर्मा, नितिन पांडे एवं टीम ने किया.

## झाकियां रहीं आकर्षण

यात्रा की विशेष आकर्षण रही भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की शहादत को समर्पित झांकियां, जिन्होंने युवाओं को स्वतंत्रता संग्राम की याद दिलाई. इससे पूर्व सुबह शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दुग्धाभिषेक कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई, जिसमें जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया.

# प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया सम्मानित

▶ दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के अध्यक्ष का किया अभिनंदन

**इंदौर. दिगंबर जैन सोशल ग्रुप विद्यासागर इंदौर द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया. सामाजिक संसद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष आनंद गोधा का भी अभिनंदन किया गया.**



निजी होटल में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रुप के अध्यक्ष सतीश जैन ने की. मुख्य अतिथि थे फेडरेशन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष हंसमुख गांधी और राकेश विनायका. विभिन्न कक्षाओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त गौरवशाली प्रतिभाओं का सम्मान प्रशस्ति पत्र, भगवान की तस्वीर, पचरंगी दुपट्टा व नगद राशि देकर किया गया. अतिथियों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम प्रतिभाओं को उन्नति के शिखर तक पहुंचाने में सहायक होते हैं. जैन समाज में प्रतिभाओं की कमी नहीं है. दिगंबर जैन समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष आनंद गोधा का भी श्रीफल, पगड़ी व दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया गया. आनंद गोधा, हंसमुख गांधी व राकेश विनायका ने ग्रुप अध्यक्ष सतीश जैन को शुभकामना देते हुए उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए समाज ओर फेडरेशन की ओर से सम्मानित किया. इस अवसर पर समाज श्रेष्ठी नवीन गोधा, आरके जैन, राकेश - अखिलेश सिंघई, सुनील जैन, अरविंद दिवाकर, ओमप्रकाश जैन, पीसी जैन, संजय जैन, हर्ष जैन सहित बहुत अधिक संख्या में समाजजन उपस्थित थे. कार्यक्रम का संचालन ग्रुप के सचिव संतोष जैन ने किया. आभार कोषाध्यक्ष राजेंद्र जैन ने माना.

# महेंद्र राठौर को अंतरराष्ट्रीय सम्मान

▶ साउथ कोरिया ने दिया 'ऑनरेरी ग्रैंड मास्टर ऑफ फोटोग्राफी' अवॉर्ड

नवभारत न्यूज़

**इंदौर.** देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त वरिष्ठ कर्मचारी एवं प्रसिद्ध फोटोग्राफर महेंद्र राठौर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है. उन्हें साउथ कोरिया द्वारा ऑनरेरी ग्रैंड मास्टर ऑफ फोटोग्राफी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है, जिससे विश्वविद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है.

इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए भारत से मात्र दो लोगों का चयन किया गया था, जिनमें महेंद्र राठौर का नाम शामिल है. यह उपलब्धि न केवल उनके लिए बल्कि पूरे देश और विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात मानी जा रही है. महेंद्र राठौर कैमरा क्लब इंदौर के स्थायी सदस्य और अमेरिकन फोटोग्राफी क्लब के भी सदस्य हैं। वे पहले भी उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री सहित कई राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं. कुलसचिव प्रज्वल खरे ने इस उपलब्धि को विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय बताते हुए कहा कि यह सम्मान पूरे संस्थान की प्रतिष्ठा को बढ़ाने वाला है. इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया. कुलगुरु



प्रो. राकेश सिंघई ने पुष्पगुच्छ और दुपट्टा पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर उनका अभिनंदन किया. इस अवसर पर कुलसचिव प्रज्वल खरे, प्रो. सचिन शर्मा, सहायक कुलसचिव डॉ. विष्णु नारायण मिश्र, ईएमआरसी निदेशक प्रो. चंदन गुप्ता, विश्वविद्यालय इंजीनियर प्रो. नागेंद्र सोहनी, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष चैन सिंह यादव सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे.



# डॉ. दिलीप आचार्य को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

**इंदौर.** इंदौर सर्जन्स रिसर्च फाउंडेशन द्वारा आयोजित समारोह में वरिष्ठ सर्जन डॉ. दिलीप कुमार आचार्य को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया. यह सम्मान एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया के इंदौर चैप्टर के वार्षिक सम्मेलन के दौरान प्रदान किया गया. सचिव ट्रस्टी डॉ. नरेंद्र पाटीदार ने बताया कि यह पुरस्कार 2005 से प्रतिवर्ष उन सर्जनों को दिया जाता है जिन्होंने 25 वर्षों से अधिक समय तक मरीजों की सेवा और सर्जिकल गतिविधियों में उल्लेखनीय योगदान दिया है. डॉ. आचार्य ने एमजीएम मेडिकल कॉलेज, इंदौर से शिक्षा प्राप्त की और विभिन्न चिकित्सा संगठनों में महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया. वे वर्तमान में श्री अरबिंदो मेडिकल कॉलेज में एडजेक्ट प्रोफेसर हैं. यह पुरस्कार, डॉ. आरके माथुर अध्यक्ष ट्रस्टी, डॉ. नरेंद्र पाटीदार सचिव ट्रस्टी-इंदौर सर्जन्स रिसर्च फाउंडेशन, डॉ राकेश शिवहरे-अध्यक्ष म प्र चैप्टर, डॉ अक्षय शर्मा- सचिव- म प्र चैप्टर - एसोसिएशन ऑफ़ सर्जन्स ऑफ़ इंडिया, डॉ. मनीष खासगीवाला - अध्यक्ष इंदौर सिटी चैप्टर, डॉ. निकुंज जैन - सचिव इंदौर सिटी चैप्टर- एएसआई, द्वारा प्रदान किया गया. डॉ. अपूर्व चौधरी, अगामी अध्यक्ष और डॉ. प्रणव मंडोवरा, अगामी सचिव भी उपस्थित थे। प्रोग्राम डॉ अद्वैत प्रकाश द्वारा संचालित किया गया.

एक नजर में | फ्लो इंदौर ने एक आध्यात्मिक उपचार एवं प्रवचन सत्र का आयोजन किया

# गुणवत्ता कभी न छोड़ें, लाभ का कुछ प्रतिशत दान करें

**इंदौर. जीवन की उथल-पुथल के बीच शांति और आंतरिक शक्ति प्राप्त करने के लिए फ्लो इंदौर ने एक आध्यात्मिक उपचार एवं प्रवचन सत्र का आयोजन किया. श्रीमद् भगवद्गीता के भगवान श्रीकृष्ण के शाश्वत उपदेशों से प्रेरित यह कार्यक्रम सदस्यों के लिए एक दिव्य अनुभव साबित हुआ. इस विशेष सेशन में, आध्यात्मिक मार्गदर्शक, प्रभु नित्यानंद चरण महाराज को आमंत्रित किया गया था.**



कार्यक्रम की शुरुआत आत्मा को छू लेने वाले भजन अच्युतम केशवम् से हुई. प्रभु जी ने सरल, हृदयस्पर्शी भाषा में जीवन के व्यावहारिक सिद्धांत बताए और सदस्यों के सवालों के जवाब दिए. उन्होंने कहा सोशल मीडिया छोड़ें. तुलना, आलोचना, शिकायत- मन के तीन कैंसर हैं. इनसे दूर रहें. कृष्ण कहते हैं- महासागर की तरह गहरे बनो, नदियां मिलें तो भी प्रभावित न हों. अपेक्षाएं छोड़ो. कलियुग है, अधर्म बढ़ रहा है. शुद्ध जीवन जियो, धर्म तुम्हारी रक्षा करेगा. उन्होंने बताया कि आंतरिक शक्ति और आध्यात्मिकता की कमी से डिप्रेशन बढ़ रहा है. अभ्यास और वैराग्य से मन को नियंत्रित करें. सच्चा सुख केवल आध्यात्मिकता से ही मिलता है. चार कुंजियां हमेशा ध्यान रखें- साधु संग, अच्छी धार्मिक किताबें, भगवान का नाम जप, भोजन पहले भगवान को अर्पित करो. प्रभु जी ने श्रीकृष्ण के व्यवसाय सबक भी साझा किए- गुणवत्ता कभी न छोड़ें, लाभ का कुछ प्रतिशत दान करें. फ्लो सदस्य अनुपमा बोथरा और नेहा मुंशी ने मंच संचालन किया इस अवसर पर प्रभु नित्यानंद चरण महाराज ने फ्लो इंदौर कमिटी सदस्यों के वर्ष भर की कड़ी मेहनत के लिए व्यक्तिगत सम्मान किया.

## जीवन की सच्ची कुंजियां सौंपी

फ्लो इंदौर की चेयरपर्सन सीए श्वेता अग्रवाल ने कहा फ्लो इंदौर हमेशा से महिलाओं के सशक्तिकरण के साथ-साथ आंतरिक शांति और आध्यात्मिक विकास पर जोर देता आया है. हमने वर्ष भर सार्थक कार्यक्रमों का आयोजन किया है- जो न केवल बाहरी सफलता देते हैं, बल्कि भीतर की शांति भी प्रदान करते हैं. आज का यह आध्यात्मिक प्रवचन उसी दिशा में एक और कदम है, जहां प्रभु जी ने हमें जीवन की सच्ची कुंजियां सौंपीं- शुद्धता, वैराग्य, भक्ति और जिम्मेदारियों का निर्वहन. अध्यक्ष निर्वाचित आर्क. वंदना गुजराती ने धन्यवाद ज्ञापित किया.